**NAVBHARAT TIMES 04-11-19**

# नुक्कड़ नाटक से बताए ड्रग्स के दुष्प्रभाव

■ एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : मिल्क प्लांट रोड के अग्रवाल कॉलेज में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी हुआ, जिसमें 106 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी की कार्यक्रारी सदस्य सुषमा गुप्ता रहीं। इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार, डॉ. जयपाल, डॉ. एमपी सिंह, जगत सिंह व पुरुषोत्तम सैनी उपस्थित थे।